प्रश्न पुस्तिका क्रमांक / Question Booklet Serial No. : **106-**

# SECONDARY SENT-UP EXAMINATION - 2022

# माध्यमिक उत्प्रेषण परीक्षा – 2022

## SIL - HINDI ( NLH )

## द्वितीय भारतीय भाषा – हिन्दी

प्रश्न पुस्तिका सेट कोड
Question Booklet Set Code

**A**

विषय कोड :
**Subject Code : 106**

कुल प्रश्न : 100 + 6 = 106
**Total Questions : 100 + 6 = 106**

कुल मुद्रित पृष्ठ : 32
**Total Printed Pages : 32**

(समय : 3 घंटे 15 मिनट)
[ Time : 3 Hours 15 Minutes ]

(पूर्णांक : 100)
[ Full Marks : 100 ]

***परीक्षार्थियों के लिये निर्देश :***

1. ***परीक्षार्थी OMR उत्तर-पत्रक पर अपना प्रश्न पुस्तिका क्रमांक ( 10 अंकों का) अवश्य लिखें।***
2. *परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।*
3. *दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।*
4. *प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए परीक्षार्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।*
5. *यह प्रश्न पुस्तिका दो खण्डों में है — खण्ड-अ एवं खण्ड-ब।*
6. ***खण्ड-अ में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न** हैं, जिनमें से **किन्हीं 50 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।** पचास से अधिक प्रश्नों के उत्तर देने पर प्रथम 50 उत्तरों का ही मूल्यांकन किया जाएगा। प्रत्येक प्रश्न के लिए **1 अंक** निर्धारित है। सही उत्तर को उपलब्ध कराये गये **OMR** उत्तर पत्रक में दिये गये सही विकल्प को **नीले / काले बॉल पेन से प्रगाढ़ करें। किसी भी प्रकार के ह्वाइटनर/ तरल पदार्थ / ब्लेड / नाखून आदि का OMR उत्तर-पुस्तिका में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।***
7. ***खण्ड - ब में 6 विषयनिष्ठ प्रश्न हैं ।***
8. *किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है ।*

## खण्ड - अ

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**प्रश्न संख्या 1 से 100 तक के प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं जिनमें से कोई एक सही है । इन 100 प्रश्नों में से किन्हीं 50 प्रश्नों के अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR उत्तर-पत्रक पर चिह्नित करें ।**

**50 × 1 = 50**

1. रमजान के कितने रोज़ों के बाद ईद आती है ?

(A) बीस (B) चार

(C) तीस (D) पाँच

2. लेखक रामवृक्ष बेनीपुरी द्वारा रचित शीर्षक पाठ निम्न में से कौन है ?

(A) ईदगाह (B) हुंडरू का जलप्रपात

(C) अशोक का शस्त्र त्याग (D) बालगोबिन भगत

3. 'दीनबन्धु निराला' शीर्षक पाठ साहित्य की कौन विधा है ?

(A) निबंध (B) कहानी

(C) संस्मरण (D) यात्रा वृत्तांत

4. राँची से हुंडरू कितनी मील दूर है ?

(A) 22 मील
(B) 27 मील
(C) 24 मील
(D) 23 मील

5. 'हुंडरू का जलप्रपात' शीर्षक पाठ में, राँची से चलने वाले मुसाफिर को हुंडरू का झरना पहुँचने तक क्या मिलते हैं ?

(A) सुन्दर मकान
(B) सुन्दर बाग
(C) सुन्दर मैदान
(D) सुन्दर सजावट

6. "गोदी में पियवा, चमक उठे सखिया चिहूँक उठ ना ।" – यह संगीत कौन गा रहा है ?

(A) सुलोचन भगत
(B) बालचरण भगत
(C) शिवधर भगत
(D) बालगोबिन भगत

7. हुंडरू का झरना के एक ओर का जंगल राँची में है और दूसरी ओर का

(A) हजारीबाग में
(B) गोड्डा में
(C) लातेहार में
(D) जामताड़ा में

8. "नर की अरू नल नीर की गति एकैं करी जोय" यह पंक्ति किस कविता की है ?

(A) कबीर के पद
(B) बिहारी के दोहे
(C) पीपल
(D) बच्चे की दुआ

9. 'ईदगाह' शीर्षक पाठ में, हामिद की दादी का क्या नाम था ?

(A) करीमन
(B) सफीना
(C) अमीना
(D) राबिया

10. 'ईर्ष्या : तू न गई मेरे मन से' शीर्षक पाठ में 'निंदा' की माँ है

(A) तृष्णा
(B) खुशी
(C) गम
(D) ईर्ष्या

11. ईर्ष्या से बचने का उपाय क्या है ?

(A) मानसिक अनुशासन
(B) व्यायाम
(C) दान-पुण्य
(D) पूजा-पाठ

12. 'विक्रमशिला विश्वविद्यालय' के प्रांगण में कितने महाविद्यालय थे ?

(A) सात
(B) छह
(C) चार
(D) पाँच

13. 'दीदी की डायरी' शीर्षक पाठ में, दीदी की किस सहेली की शादी होनेवाली है ?

(A) विमला
(B) सईदा
(C) नीलू
(D) अंजू

14. 'दीदी की डायरी' शीर्षक पाठ में, कक्षा में चुपचाप कौन बैठी रहती थी ?

(A) संजू
(B) विमला
(C) अंजू
(D) मंजु

15. बाल मजदूरी की समस्या का वर्णन किस शीर्षक पाठ में किया गया है ?

(A) खेमा
(B) ईदगाह
(C) चिकित्सा का चक्कर
(D) विक्रमशिला

16. बिहार की बेटियों की असाधारण विशेषताओं का उद्‌घाटन किस शीर्षक पाठ में किया गया है ?

(A) बालगोबिन भगत
(B) हौसले की उड़ान
(C) ठेस
(D) दीनबन्धु निराला

17. वैद्यजी किस सवारी पर तशरीफ लाए ?

(A) घोड़े पर
(B) हाथी पर
(C) पालकी पर
(D) साइकिल पर

18. 'गुड़िया' किस जिले की रहनेवाली है ?

(A) कैमूर
(B) अरवल
(C) औरंगाबाद
(D) रोहतास

19. बारह पूरियाँ, आध पाव मलाई खाने के बाद लेखक बेढब बनारसी ने क्या खाया ?

(A) छह रसगुल्ले
(B) चार गुलाब जामुन
(C) छह रसमलाई
(D) दो कलाकंद

20. "सन्ध्या को अब दिन जाता ढल सूरज चलते हैं अस्ताचल कर में समेट किरणें उज्ज्वल" – यह पंक्ति किसके द्वरा लिखी गयी है ?

(A) रामवृक्ष बेनीपुरी
(B) गोपाल सिंह 'नेपाली'
(C) वंशीधर श्रीवास्तव
(D) अरुण कमल

21. "बालगोबिन भगत की संगीत-साधना का चरम उत्कर्ष" किस दिन देखा गया?

(A) जिस दिन उनकी पतोहू मरी
(B) जिस दिन उनकी चाची मरीं
(C) जिस दिन उनका बेटा मरा
(D) जिस दिन उनकी माँ मरीं

22. सब जगह सब काल में कौन फूले-फले मिलते हैं ?

(A) दानवीर
(B) धर्मवीर
(C) रणवीर
(D) कर्मवीर

23. 'विभव' शब्द का क्या अर्थ है ?

(A) ऐश्वर्य

(B) अच्छा

(C) डर

(D) ज्यादा

24. किसके बगैर व्यक्ति बड़ा नहीं होता ?

(A) धन के बगैर

(B) गुण के बगैर

(C) बल के बगैर

(D) मन के बगैर

25. इच्छापूर्ति करनेवाला काल्पनिक पेड़ कहलाता है

(A) अल्पतरु

(B) गल्पतरु

(C) कल्पतरु

(D) इच्छातरु

26. 'खुशबू रचते हैं हाथ' शीर्षक कविता में किस लघु उद्योग का जिक्र है ?

(A) माचिस बनाने का

(B) पापड़ बनाने का

(C) मोमबत्ती बनाने का

(D) अगरबत्ती बनाने का

27. "महाराष्ट्र कुल-देवी उसकी भी आराध्य भवानी थी ।" – यह पंक्ति किस शीर्षक कविता की है ?

(A) झाँसी की रानी

(B) सुदामा चरित

(C) तू जिन्दा है तो .............

(D) राह भटके हिरन के बच्चे को

28. जिसमें ईश्वर के निराकार स्वरूप की आराधना की जाती है, उसे कहते हैं

(A) भक्तिकालीन धारा

(B) निर्गुण भक्तिधारा

(C) सगुण भक्तिधारा

(D) इनमें से कोई नहीं

29. किसने तिब्बत में बौद्ध-धर्म का प्रचार प्रसार किया ?

(A) आर्यभट ने

(B) हरिभद्र ने

(C) अतिश दीपंकर ने

(D) शांतिरक्षित ने

30. 'दीदी की डायरी' शीर्षक पाठ में, किसके अभिनय को सभी ने सराहा ?

(A) मंजु का
(B) सईदा का
(C) नीलू का
(D) दीदी का

31. विक्रमशिला विश्वविद्यालय का आविर्भाव किस राजा के संरक्षण में हुआ ?

(A) राजा धर्मपाल के
(B) राजा विक्रमजीत के
(C) राजा विशुनदेव के
(D) राजा दिग्पाल के

32. विक्रमशिला विश्वविद्यालय किस सदी तक पूर्वी एशिया का उत्कृष्ट शिक्षा-केन्द्र बन चुका था ?

(A) आठवी-नौवीं सदी तक
(B) दसवीं-ग्यारहवीं सदी तक
(C) पाँचवीं-छठी सदी तक
(D) बारहवीं-तेरहवीं सदी तक

33. ईर्ष्या का संबंध किससे होता है ?

(A) करोड़पति से
(B) पागल से
(C) प्रतिद्वंद्वियों से
(D) भिखमंगा से

34. 'खेमा' शीर्षक पाठ में जलते पैरों पर पानी गिरने से किसे क्षणिक तसल्ली मिलती थी ?

(A) कसारा को
(B) खेमा के पिता को
(C) लेखक को
(D) खेमा को

35. जैनब खानम के पिता का क्या नाम था ?

(A) मोहम्मद मंसूर खान
(B) मोहम्मद जमीर खान
(C) मोहम्मद ताकिब खान
(D) मोहम्मद जमाल खान

36. अपने गाँव के मध्य विद्यालय में प्रधानाध्यापक का पद किसने स्वीकार किया ?

(A) जयप्रकाश नारायण ने
(B) कर्पूरी ठाकुर ने
(C) अटल बिहारी वाजपेयी ने
(D) जगजीवन राम ने

37. कर्पूरी ठाकुर को कब गिरफ्तार किया गया ?

(A) 4 नवम्बर, 1942 ई० को
(B) 5 दिसम्बर, 1942 ई० को
(C) 23 अक्टूबर, 1943 ई० को
(D) 6 मार्च, 1940 ई० को

38. शिव से मिली .................. थी ।

(A) रानी
(B) नानी
(C) दानी
(D) भवानी

39. "गाँठरि काँख में चाँपि रहे तुम, खोलत नाहिं सुधा रस भीने" – किस कविता की पंक्ति है ?

(A) सुदामा चरित

(B) झाँसी की रानी

(C) कर्मवीर

(D) पीपल

40. 'पगा' शब्द का क्या अर्थ है ?

(A) जूता

(B) पगड़ी

(C) कुर्ता

(D) काँटा

41. वीर शिवाजी की गाथाएँ किसको याद जुबानी थी ?

(A) अहिल्याबाई को

(B) ताराबाई को

(C) लक्ष्मीबाई को

(D) सुगन्धाबाई को

42. कलकत्ता छोड़ने के बाद दीनबन्धु निराला कहाँ रहे ?

(A) दिल्ली में

(B) पंजाब में

(C) हरियाणा में

(D) लखनऊ और प्रयाग में

43. "चमक उठी सन् सत्तावन में, वह तलवार पुरानी थी" – किस शीर्षक कविता की पंक्ति है ?

(A) झाँसी की रानी
(B) कबीर के पद
(C) कर्मवीर
(D) बिहारी के दोहे

44. लेखक रामधारी सिंह 'दिनकर' ने ईर्ष्या को क्या कहा है ?

(A) अभिशाप
(B) अनोखा वरदान
(C) प्रतिष्ठा
(D) पुरस्कार

45. लेखक प्रेमचंद लिखित कहानी है

(A) चिकित्सा का चक्कर
(B) खेमा
(C) ईदगाह
(D) ठेस

46. नेपोलियन भी स्पर्धा करता था

(A) सिकंदर से
(B) हरक्युलिस से
(C) लेनिन से
(D) सीजर से

47. 'पराधीन' शब्द का क्या अर्थ है ?

(A) दूसरों के अधीन
(B) प्रण
(C) छोड़ना
(D) सामने

48. कवि शंकर शैलेन्द्र कहते हैं कि "जिस प्रकार धरती के गर्भ में ही आग तथा भूकंप छिपा होता है उसी प्रकार हमारे दिल में भी भूख धधक रही है ......" ।

(A) अन्न के लिए
(B) स्वराज के लिए
(C) मिष्ठान के लिए
(D) धन के लिए

49. "जो कि हँस-हँस के चबा लेते हैं लोहे का चना ।

है कठिन कुछ भी नहीं जिनके है जी में यह ठना ।।"

– यह पंक्ति किस शीर्षक कविता की है ?

(A) बच्चे की दुआ
(B) सुदामा चरित
(C) कर्मवीर
(D) झाँसी की रानी

50. 'बिहारी के दोहे' शीर्षक कविता में कहा गया है कि विपत्ति या दुख की घड़ी में व्यक्ति को .................... नहीं होना चाहिए ।

(A) गिला-शिकवा
(B) बीमार
(C) मजबूर
(D) हताश-निराश

51. 'इल्म' शब्द का क्या अर्थ है ?

(A) शिक्षा (B) अशिक्षा

(C) बेरोजगारी (D) रोजगार

52. "मैं कहता तू जागत रहियो, तू रहता है सोई रे ।

मैं कहता निर्मोही रहियो, तू जाता है मोही रे ।"

– किस शीर्षक कविता की पंक्ति है ?

(A) बिहारी के दोहे (B) कबीर के पद

(C) पीपल (D) कर्मवीर

53. गोपाल सिंह 'नेपाली' रचित कविता निम्न में से कौन है ?

(A) सुदामा चरित (B) झाँसी की रानी

(C) पीपल (D) खुशबू रचते हैं हाथ

54. "रानी गई सिधार, चिता अब उसकी दिव्य सवारी थी" – किस कविता की पंक्ति है ?

(A) बच्चे की दुआ

(B) राह भटके हिरन के बच्चे को

(C) खुशबू रचते हैं हाथ

(D) झाँसी की रानी

55. 'द' का उच्चारण स्थान क्या है ?

(A) मूर्द्धा

(B) कंठ

(C) तालु

(D) दंत

56. 'श, ष, स, ह,' – कौन व्यंजन हैं ?

(A) स्पर्श

(B) उष्म

(C) अंतःस्थ

(D) इनमें से कोई नहीं

57. 'शयन' शब्द का संधि-विच्छेद क्या है ?

(A) श + यन

(B) शय + न

(C) शे + अन

(D) शै + अन

58. निम्न में शुद्ध शब्द कौन है ?

(A) उज्वल

(B) उपलक्ष

(C) चिन्ह

(D) उपर्युक्त

59. 'गया' ( शहर का नाम ) कौन संज्ञा है ?

(A) व्यक्तिवाचक

(B) जातिवाचक

(C) भाववाचक

(D) समूहवाचक

60. 'निराशा' शब्द कौन लिंग है ?

(A) पुंलिंग (B) स्त्रीलिंग

(C) उभयलिंग (D) इनमें से कोई नहीं

61. 'नासिका' शब्द है

(A) तत्सम (B) तद्भव

(C) देशज (D) विदेशज

62. 'पेड़ से पत्ते गिरे' – यह किस कारक का उदाहरण है ?

(A) कर्म कारक का (B) अपादान कारक का

(C) संप्रदान कारक का (D) संबंध कारक का

63. 'आयुष्मान्' शब्द का स्त्रीलिंग रूप क्या है ?

(A) आयुस्मिक (B) आयुष्माईन

(C) आयुष्मती (D) आयुष्मिन

64. 'यह मेरा चचेरा भाई सुधीर है' – यह किस सर्वनाम का उदाहरण है ?

(A) संबंधवाचक (B) अनिश्चयवाचक

(C) प्रश्नवाचक (D) निश्चयवाचक

65. 'जाति' शब्द का विशेषण है

(A) जातीय (B) जातिन

(C) जतियाईन (D) जतिया

66. क्रिया के उस रूपांतर को, जिससे उसके कार्य-व्यापार का समय और उसकी पूर्ण अथवा अपूर्ण अवस्था का बोध हो, उसे क्या कहते हैं ?

(A) शब्द (B) काल

(C) क्रिया (D) लिंग

67. उत्पत्ति की दृष्टि से शब्द के कितने भेद हैं ?

(A) तीन (B) दो

(C) चार (D) पाँच

68. ऐसे शब्द, जो दो शब्दों के मेल से बनते हैं और जिनके खण्ड सार्थक होते हैं, कहलाते

(A) रूढ़ (B) योगरूढ़

(C) प्रत्यय (D) यौगिक

69. 'संतोष' शब्द में उपसर्ग है

(A) सम् (B) सं

(C) सन् (D) संतो

70. 'हँसोड़' शब्द में प्रत्यय है

(A) ड़ (B) ओड़

(C) सोड़ (D) ड्

71. 'प्रतिदिन' शब्द कौन समास है ?

(A) तत्पुरुष समास (B) द्विगु समास

(C) अव्ययीभाव समास (D) द्वंद्व समास

72. 'जाता रहता था' – किस पदबंध का उदाहरण है ?

(A) संज्ञा-पदबंध का (B) विशेषण-पदबंध का

(C) सर्वनाम-पदबंध का (D) क्रिया-पदबंध का

73. 'पानी बरसा' – किस वाक्य का उदाहरण है ?

(A) सरल वाक्य

(B) मिश्र वाक्य

(C) संयुक्त वाक्य

(D) इनमें से कोई नहीं

74. निम्न में से कौन वाक्य अशुद्ध है ?

(A) पिताजी ने मुझसे कहा ।

(B) वे अच्छे डॉक्टर हैं ।

(C) मीरा एक प्रसिद्ध कवि थी ।

(D) वह शहर से सामान लाकर बेचता है ।

75. 'नौका' शब्द का पर्यायवाची है

(A) तरणी

(B) दारा

(C) भर्ता

(D) वात

76. 'आकाश' शब्द का विलोम है

(A) प्रकाश

(B) पाताल

(C) पूर्णिमा

(D) प्रदान

77. 'जिसकी चार भुजाएँ है' – के लिए एक शब्द है

(A) द्विभुज
(B) त्रिभुज
(C) चतुर्भुज
(D) पंचभुज

78. 'ईंट से ईंट बजाना' मुहावरे का अर्थ क्या है ?

(A) स्वावलंबी होना
(B) कसर न छोड़ना
(C) चैन मिलना
(D) युद्धात्मक विनाश लाना

79. 'न रहेगा बाँस न बजेगी बाँसुरी' इस लोकाक्ति का क्या अर्थ है ?

(A) न कारण होगा, न कार्य होगा
(B) डींग हाँकना
(C) मूर्ख धनवान
(D) दोहरा लाभ

80. निम्न में अशुद्ध शब्द कौन है ?

(A) मनहर
(B) नीरस
(C) संहार
(D) संवाद

81. 'घर-आँगन' शब्द कौन समास है ?

(A) द्विगु
(B) द्वंद्व
(C) अव्ययीभाव
(D) कर्मधारय

82. 'जो पिता की हत्या कर चुका है' – के लिए एक शब्द है

(A) हत्यारा
(B) मातृहंता
(C) पितृहंता
(D) आत्मघाती

83. 'ङ' का उच्चारण-स्थान क्या है ?

(A) तालु
(B) मूर्द्धा
(C) दंत
(D) कंठ

84. जिनके उच्चारण में पूर्व से अल्प मात्रा में श्वास निकले और जिनमें हकार जैसी ध्वनि नहीं होती, उन्हें क्या कहते हैं ?

(A) अल्पप्राण व्यंजन
(B) महाप्राण व्यंजन
(C) घोष व्यंजन
(D) अघोष व्यंजन

85. 'देवेश' शब्द का संधि-विच्छेद है

(A) देवे + श
(B) देव + ईश
(C) दे + वेश
(D) द + एवेश

86. 'कुर्सी' शब्द कौन संज्ञा है ?

(A) भाववाचक
(B) व्यक्तिवाचक
(C) जातिवाचक
(D) द्रव्यवाचक

87. 'अक्षर' शब्द कौन लिंग है ?

(A) पुंलिंग (B) स्त्रीलिंग

(C) उभयलिंग (D) इनमें से कोई नहीं

88. 'तनुज' शब्द का स्त्रीलिंग रूप है

(A) तनुजय (B) तनजा

(C) तनुजा (D) तनजी

89. संज्ञा के जिस रूप से किसी वस्तु के अलग होने का भाव प्रकट होता है, उसे क्या कहते हैं ?

(A) संबंध कारक (B) कर्म कारक

(C) करण कारक (D) अपादान कारक

90. 'थोड़ा दूध' – किस विशेषण का उदाहरण है ?

(A) परिमाणबोधक विशेषण (B) गुणवाचक विशेषण

(C) सार्वनामिक विशेषण (D) संख्यावाचक विशेषण

91. क्रिया का मूल क्या है ?

(A) विशेषण (B) धातु

(C) वचन (D) शब्द

92. 'गाय दूध देती है' – किस काल का उदाहरण है?

(A) वर्तमान काल
(B) भूतकाल
(C) भविष्यत काल
(D) इनमें से कोई नहीं

93. 'खीर' शब्द है

(A) तत्सम
(B) तद्भव
(C) देशज
(D) विदेशज

94. 'विमुख' शब्द में उपसर्ग है

(A) विम
(B) विमु
(C) वि
(D) विम्

95. 'कर्मठ' शब्द में प्रत्यय है

(A) ठअ
(B) ठ्
(C) मठ
(D) ठ

96. 'चरणकमल' शब्द कौन समास है ?

(A) कर्मधारय
(B) द्विगु
(C) द्वंद्व
(D) तत्पुरुष

97. 'महेश नदी में डूब गया' – किस पदबंध का उदाहरण है ?

(A) विशेषण-पदबंध
(B) क्रिया-पदबंध
(C) संज्ञा-पदबंध
(D) सर्वनाम-पदबंध

98. 'नूतन' शब्द का विलोम है

(A) पराजय
(B) प्रतिकार
(C) पुरातन
(D) प्रमाण

99. 'पक्षी' शब्द का पर्यायवाची है

(A) किंकर
(B) विहग
(C) कलत्र
(D) तरी

100. 'गीला' शब्द का विलोम है

(A) पका
(B) सूखा
(C) कड़ा
(D) मुरझाया

## खण्ड - ब

## विषयनिष्ठ प्रश्न

1. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी **एक** गद्यांश को पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दें । प्रत्येक प्रश्न दो अंकों का है : 5 × 2 = 10

(क) राजा रवि वर्मा को बचपन से ही प्रकृति से प्यार था । रवि वर्मा को सूर्योदय देखना बहुत भाता था । वे कभी-कभी सूर्योदय और सूर्यास्त की तुलना करते हुए कहते थे – कितना अंतर है दोनों में । प्रकृति प्रदत्त इस प्रक्रिया से वे आश्चर्यचकित होते थे । रात होती तो आकाश के मैदान में तारों की टोलियाँ आ धमकतीं । रवि वर्मा इन तारों को घंटों निहारा करते थे । वे फूलों से, वनस्पतियों से तरह-तरह के रंग बनाते थे । वे तरह-तरह के रंगों की मिट्टी भी एकत्र करवाते । फिर बड़े मनोयोग से रंग बनाते थे ।

(i) राजा रवि वर्मा को किससे प्यार था ?

(ii) रवि वर्मा को क्या देखना अच्छा लगता था ?

(iii) रात होने पर आकाश में किसकी टोलियाँ आ धमकतीं ?

(iv) रवि वर्मा किसे घंटों निहारा करते थे ?

(v) रवि वर्मा किन चीजों से रंग बनाया करते थे ?

(ख) प्रजातंत्र के तीन मुख्य अंग हैं – विधायिका, न्यायपालिका और कार्यपालिका । प्रजातंत्र की दृढ़ता एवं सार्थकता को ध्यान में रखते हुए तथा जनता के प्रहरी होने की भूमिका को देखते हुए मीडिया को प्रजातंत्र के चौथे स्तम्भ के रूप में देखा जाता है । स्वराज प्राप्ति के बाद तथा 26 जनवरी, 1950 ई० में एक लिखित संविधान के देश में लागू होने के पश्चात् लोकतंत्र के तीनों अंगों के कर्त्तव्यों, अधिकारों और दायित्वों के बारे में जनता में जागरूकता बढ़ी है । आज लोकतंत्र यह महसूस करता है कि न्यायपालिका में भी अधिक पारदर्शिता हो, जिससे उसकी प्रतिष्ठा और उसका सम्मान बढ़े ।

(i) प्रजातंत्र के तीन मुख्य अंग कौन-कौन हैं ?

(ii) प्रजातंत्र के चौथे स्तम्भ के रूप में किसे देखा जाता है ?

(iii) हमारे देश में लिखित संविधान कब लागू हुआ ?

(iv) किसके बारे में जनता में जागरूकता बढ़ी है ?

(v) लोकतंत्र क्या महसूस करता है ?

2. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी **एक** गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गये प्रश्नों के उत्तर दें । प्रत्येक प्रश्न दो अंकों का होगा । 5 × 2 = 10

(क) मनुष्य का जीवन बहुत संघर्षमय होता है । उसे कदम-कदम पर अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है । फिर भी ईश्वर द्वारा मनुष्य के निर्माण के फलस्वरूप धरती का रूप ही बदल गया है । यह संसार कर्म करने वाले मनुष्यों पर ही टिका हुआ है । देवता भी कर्मशील मनुष्यों से ईर्ष्या करते हैं । मनुष्य अपने कर्म बल के कारण श्रेष्ठ है । धन्य है, मनुष्य का जीवन ।

(i) मनुष्य का जीवन कैसा होता है ?

(ii) मनुष्य को किनका सामना करना पड़ता है ?

(iii) संसार किस पर टिका हुआ है ?

(iv) देवता भी किससे ईर्ष्या करते हैं ?

(v) मनुष्य किसके कारण श्रेष्ठ है ?

(ख) स्वार्थ और परमार्थ, मानव की दो प्रवृत्तियाँ हैं । हम अधिकतर कार्य अपने लिए करते हैं । 'दूसरों' के लिए सर्वस्व बलिदान करना ही सच्ची मानवता है । यही धर्म है और यही पुण्य है । इसे ही परोपकार कहते हैं । प्रकृति हमें निरंतर परोपकार का संदेश देती है । नदी, दूसरों के लिए बहती है । वृक्ष, जीवों को छाया तथा फल देने के लिए ही धूप, आँधी, वर्षा और तूफान में अपना सबकुछ बलिदान कर देते हैं ।

(i) मानव की दो प्रवृत्तियाँ कौन हैं ?

(ii) सच्ची मानवता क्या है ?

(iii) 'परोपकार' किसे कहते हैं ?

(iv) प्रकृति हमें क्या संदेश देती है ?

(v) नदी और वृक्ष क्या करते हैं ?

3. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर दिए गए संकेत-बिन्दुओं के आधार पर लगभग **250 - 300** शब्दों में निबंध लिखें : 1 × 10 = 10

(क) बागवानी

(i) आरम्भ

(ii) फूल की महत्ता

(iii) फल की महत्ता

(iv) उपसंहार ।

(ख) हमारा विद्यालय

(i) प्रारम्भ

(ii) शिक्षण-व्यवस्था

(iii) पाठ्यक्रमेतर कार्य

(iv) उपसंहार ।

(ग) हमारा देश : भारत

(i) नाम

(ii) अतीत

(iii) महत्ता

(iv) उपसंहार ।

(घ) विज्ञान : वरदान या अभिशाप

(i) भूमिका

(ii) लाभ

(iii) हानि

(iv) उपसंहार ।

(ङ) क्रिसमस

(i) प्रारम्भ

(ii) जन्मकथा

(iii) महत्ता

(iv) उपसंहार ।

4. विद्यालय-शुल्क माफ करने के लिए प्रधानाध्यापक के पास एक प्रार्थना-पत्र लिखें । 5

**अथवा**

विद्यालय में हुए जल-जमाव के बारे में दो छात्रों के बीच संवाद को लिखें ।

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक का लगभग **20 - 30** शब्दों में दें । प्रत्येक प्रश्न दो अंकों का है : $5 \times 2 = 10$

(क) विक्रमशिला विश्वविद्यालय किस सदी तक एशिया का उत्कृष्ट शिक्षा केन्द्र बन चुका था ? यह विद्यालय कहाँ अवस्थित है ?

(ख) 'ईदगाह' शीर्षक कहानी आपको कैसी लगती है ? इसकी मुख्य विशेषताएँ बताइए ।

(ग) परिश्रमी व्यक्ति के द्वारा मनोवांछित लक्ष्य की प्राप्ति की जा सकती है । कैसे ? 'कर्मवीर' शीर्षक कविता के अनुसार उत्तर दें ।

(घ) बालगोबिन भगत कबीर को साहब मानते थे । इसके क्या-क्या कारण हो सकते हैं ?

(ङ) 'बिहारी के दोहे' शीर्षक कविता में 'कनक' शब्द का प्रयोग किन-किन अर्थों में किया गया है ? https://www.bihartopper.com

(च) 'ठेस' शीर्षक कहानी में आये हुए विभिन्न पात्रों के नाम लिखें तथा इसमें कौन पात्र आपको सबसे अच्छा लगता है और क्यों ? लिखें ।

(छ) 'कबीर के पद' शीर्षक कविता में 'मोको' शब्द का प्रयोग किसके लिए किया गया है ?

(ज) 'दीदी की डायरी' शीर्षक पाठ में दीदी पुस्तकालय से कौन पुस्तक लाई थी ? उसमें किसकी कहानी है ? लिखें ।

(झ) 'सुदामा चरित' शीर्षक पाठ के रचयिता का क्या नाम है ? इस कविता में किनकी मित्रता का वर्णन है ? लिखें ।

(ञ) 'हौसले की उड़ान' शीर्षक पाठ में, सोनी कहाँ की रहनेवाली है ? उसने अपने जिले की किस प्रतियोगिता में पहला स्थान प्राप्त किया था ? लिखें ।

6. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी **एक** का उत्तर लगभग **100** शब्दों में दें : 1 × 5 = 5

(क) भाव स्पष्ट कीजिए :

"गुमी हुई आजादी की कीमत सबने पहचानी थी ।"

(ख) व्याख्या कीजिए :

"जैसे हुंडरू का झरना वैसे उसका मार्ग ।"